हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने जल के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण पर जोर दिया।
- जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने देश के हर नागरिक को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- पानीपत की डाहर सहकारी चीनी मिल को वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता का प्रथम पुरस्कार मिला।
- हरियाणा सरकार ने रोहतक के जींद बाईपास चौक पर फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 91 करोड़ 97 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।
- इंजीनियर सुनील सेन ने हरियाणा भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष का दायित्व संभाला।
- एशियाई खेलों में, भारतीय महिला टीम ने टी-20 क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

**********

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में नौवें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जल के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण पर जोर दिया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जल

सप्ताह जल प्रबंधन की चुनौतियों पर सभी संबंधित पक्षों के बीच विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जल से जुड़ी चुनौतियों का समाधान कोई एक संस्था, क्षेत्र या राज्य अकेले नहीं कर सकता। उन्होंने जल प्रबंधन के लिए अधिक सहयोग और समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि सरकार देश के हर नागरिक को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जल सुरक्षा विकसित भारत-2047 की नींव है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जल प्रबंधन को जन-भागीदारी से जोडने, इसे जन-आंदोलन बनाने पर लगातार बल दिया है। भारत के लिए जल सुरक्षा विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव है। पानी का संबंध हमारी खेती, भोजन, साहस, उद्योग, ऊर्जा और पर्यावरण से भी जुडी हुई है।

**********

पानीपत जिले की डाहर सहकारी चीनी मिल को वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता का प्रथम पुरस्कार मिला है। मिल ने लगभग 94.61 प्रतिशत क्षमता उपयोग के साथ इस उपलब्धि को हासिल किया है।

आज नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सहकारिता मंत्री डा. अरविन्द शर्मा, उपायुक्त एवं पानीपत सहकारी चीनी मिल के अध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र के दौरान मिल ने 61 लाख 50 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की तथा 5 लाख 62 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन किया। मिल ने इस दौरान बिजली का उत्पादन कर करीब 29 करोड़ रुपये की बिजली की बिक्री भी की।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने इस उपलब्धि पर पानीपत सहकारी चीनी मिल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

**********

हरियाणा सरकार ने रोहतक के जींद बाईपास चौक पर फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 91 करोड़ 97 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम द्वारा प्रस्तावित इस परियोजना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की ऋण सहायता योजना के तहत हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

श्री गंगवा ने कहा कि प्रस्तावित फ्लाईओवर के निर्माण से जींद बाईपास चौक पर यातायात का प्रवाह बेहतर होगा।

**********

इंजीनियर सुनील सेन ने  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में हरियाणा भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष  का दायित्व संभाल लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंजीनियर सुनील सेन को शुभकामनाएं दीं।

पंचकूला में प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में हुए दायित्व ग्रहण समारोह में भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, मंत्री, सांसद धर्मबीर सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य भी समारोह में विशेष रूप से शामिल हुए।

**********

एशियाई खेलों में, भारतीय महिला टीम ने टी-20 क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत लिया है। 217 रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की टीम 16वें ओवर में मात्र 69 रन पर सिमट गई। इससे पहले भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 216 रन बनाए।

स्मृति मंधाना ने शानदार 79 रन की पारी खेली। इस मैच में उन्होंने 11 हजार रन पूरा कर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वे विश्व की पहली महिला क्रिकेट खिलाड़ी बन गई है। मंधाना ने इस मैच में पहले चार ओवरों में तीन छक्के और चार चोक्के लगाकर भारत को जबरदस्त शुरुआत दिलाई।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है। इसे भारतीय क्रिकेट के लिए एक शानदार उपलब्धि बताते

हुए श्री मोदी ने कहा कि इस जीत के साथ भारत को खेलों के इस संस्करण का पहला स्वर्ण पदक मिला है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह आत्मविश्वास, कौशल और टीम भावना से भरपूर प्रभावशाली प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत देश भर के युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों के मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में कांस्य पदक जीतने पर सुचिका तरियाल को भी बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि सुचिका ने इस खेल में भारत को एशियाई खेलों का पहला पदक दिलाया है।

**********

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने आज पशुओं में लम्पी चमड़ी रोग को लेकर एडवाइजरी जारी की है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ नरेश जिंदल ने बताया कि विभाग की विभिन्न प्रयोगशालों में जांच के बाद कुछ पशुओं के नमूने पाज़िटिव पाए गए हैं।

एडवाइजरी में पशुपालकों को रोग की पहचान, जांच और रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं और पशुओं के बैठने की जगह साफ-सुथरी व सूखी रखने का सुझाव दिया गया है।

**********

हरियाणा आतंकवाद विरोधी स्क्वॉड -एटीएस ने अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेररिज्म नेटवर्क से जुड़े एक मामले का खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही पर अब तक दो गाड़ियां, एक मोटरसाइकिल, एक अमरीका में निर्मित पिस्टल, एक 30 बोर पिस्टल, 3 कैश काउंटिंग मशीन, 5 मोबाइल फोन,12 जिंदा राउंड तथा 529 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

श्री सिंगला ने बताया कि 13 सितंबर की अलसुबह पंचकूला के सेक्टर-11 स्थित अलिफ लैला क्लब में फायरिंग की घटना सामने आने के बाद 3 आरोपियों को घटना के समय मौके से ही काबू किया गया, एक अन्य आरोपी को एसएएस नगर से तथा 3 आरोपियों को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ और तकनीकी जांच में आरोपियों के अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर नेटवर्क से जुड़े होने के महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं।

**********

हरियाणा में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण FSSAI द्वारा दी गई पांच मोबाइल खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला वैन तैनात की गई हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इससे खाने-पीने की चीजों की जांच की सुविधा सीधे सार्वजनिक जगहों, बाज़ारों और शिक्षण संस्थानों पर 10 से 12 मिनट में सिर्फ़ ₹20 में मिलेगी।

उन्होंने बताया कि यह वैन बस अड्डे, स्कूल, कॉलेज, बाज़ार और ज़्यादा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर बारी-बारी से तैनात की जा रही हैं। इससे मौके पर ही जांच के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी और असुरक्षित खाने के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकेगी।

**********